नेशनल टेबल टेनिस में पदमपत स्कूल का जलवा

अंडर-14 मिक्स्ड डबल्स में उज्जवल ने गोल्ड मेडल जीता

KANPUR (28 Nov): एनआरआई ग्लोबल डिस्कवरी भोपाल में चार दिवसीय सीबीएसई नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर, कमलानगर ने अपना परचम लहराया. देश विदेश के कई स्कूलों के स्टूडेंट्स के बीच सर पदमपत सिंहानिया स्कूल के 13 स्टूडेंट्स ने 1200 स्टूडेंट्स के बीच अपनी दम दिखाया. अंडर-14 मिक्स्ड डबल्स में उज्जवल अवस्थी ने गोल्ड मेडल जीता. अंडर-14 ब्वायज टीम में तीसरे स्थान पर दक्ष खंडेलवाल, आशुतोष गुप्ता, उज्जवल अवस्थी, सृजन महाजन ने ब्रांज मेडल जीते.

चेयरपर्सन ने किया सम्मान

स्कूल की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि जी सिंहानिया ने विजेताओं व टीम के कोच को इस गौरवशाली अवसर के लिए बधाई देते हुए सम्मानित किया और भविष्य में अनेकानेक उपलब्धियां प्राप्त करते रहने के लिए प्रेरित किया. वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, डायरेक्टर पार्थो पीकर व प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने संस्थान को इस सफलता के लिए टेबल टेनिस टीम के सभी प्लेयर्स और कोच रवि कुमार को शुभकामनाएं दी.